# त्रैमासिक परीक्षा - 2024-25

## कक्षा - 11वीं

### विषय - राजनीति शास्त्र

समय - 3 घण्टे | पूर्णांक - 80 अंक

निर्देश :-

1. सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।
2. प्रश्न क्र. 1 से 5 तक वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं, इन 5 प्रश्नों में 32 उपप्रश्न होंगे। प्रत्येक उपप्रश्न पर 01 अंक है। कुल 32 अंक निर्धारित हैं।
3. प्रश्न क्रमांक 06 से 23 तक आतंरिक विकल्प दिये गए है।
4. प्रत्येक प्रश्न के लिए आवंटित अंक उनके सम्मुख अंकित है।
5. प्रश्न क्र. 6 से 15 प्रत्येक प्रश्न के लिए 02 अंक निर्धारित हैं। शब्द सीमा 30 शब्द है। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग 30 शब्दों में दीजिए।
6. प्रश्न क्र. 16 से 19 प्रत्येक प्रश्न के लिए 03 अंक निर्धारित हैं। शब्द सीमा 30 शब्द है। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग 75 शब्दों में दीजिए।
7. प्रश्न क्र. 20 से 23 प्रत्येक प्रश्न के लिए 04 अंक निर्धारित हैं। शब्द सीमा 30 शब्द है। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग 120 शब्दों में दीजिए।

प्र0 1. सही विकल्प चुनकर लिखिए – (1x7=7)

1. निम्नलिखित में से कौन–सा कथन इस बात की एक बेहतर दलील है कि संविधान की प्रमाणिकता संसद से ज्यादा है–

   (अ) संसद के अस्तित्व में आने से कहीं पहले संविधान बनाया जा चुका था।
   (ब) संविधान के निर्माता संसद के सदस्यों से कीं ज्यादा बड़े नेता थे।
   (स) संविधान ही यही बताता है कि संसद कैसे बनाई जाय और इसमें कौन–कौन सी शक्तियां प्राप्त होंगी।
   (द) संसद संविधान में संशोधन नहीं कर सकती।

2. निम्नलिखित में से कौन मौलिक अधिकारों का सबसे उचित वर्णन करता है–

   (अ) किसी व्यक्ति को प्राप्त समस्त अधिकार (ब) संविधान द्वारा नागरिकों को प्रदत्त समस्त अधिकार
   (स) संविधान द्वारा प्रदत्त और सुरक्षित अधिकार (द) प्रतिबंध नहीं लगाया जा सकता।

3. संविधान में समय–समय पर संशोधन करना आवश्यक होता है,क्योंकि –

   (अ) परिस्थितियां बदलने पर संविधान में उचित संशोधन करना आवश्यक हो जाता है।
   (ब) किसी समय विशेष में लिखा गया दस्तावेज कुछ समय पश्चात् अप्रासंगिक हो जाता है।
   (स) हर पीढ़ी के पास अपनी पसंद के संअवधान का विकल्प होवा चाहिए।
   (द) संविधान में मौजूदा सरकार का रानीतिक दर्शन प्रतिबिंब होना चाहिए।

4. निम्नलिखित में धर्म निरपेक्षता का कौन–सा सिद्धांत भारत के संविधान में अपनाया जाता है –

   (अ) राज्य का धर्म से कोई लेना–देना नहीं है। (ब) राज्य का धर्म से नजदीकी रिश्ता है।
   (स) राज्य धर्मो के बीच भेद–भाव कर सकता है। (द) राज्य धार्मिक समहो के अधकार को मान्यता देगा।

5. 'फर्स्ट पास्ट द पास्ट' प्रणाली में वही प्रत्याशी विजेता घोषित किया जाता है जो–

   (अ) सर्वाधिक संख्या मे मत अर्जित करता है।
   (ब) देश में सर्वाधि कमत प्राप्त करने वाले दल का सदस्य हो।
   (स) चुनाव क्षेत्र के अन्य उम्मीदवारों से जयादा मत हासिल करता है।
   (द) 50 प्रतिशत से अधि कमत हासिल करके प्रथम स्थान पर आता है।

6. संसदीय कार्यपालिका का अर्थ होता है –
(अ) जहाँ संसद हो वहाँ कार्यपालिका का होना।
(ब) संसद द्वारा निर्वाचन कार्यपालिका।
(स) जहाँ संसद कार्यपालिका के रूप में काम करती है।
(द) ऐसी कार्यपालिका जो संसद के बहुमत के समर्थन पर निर्भर हो।

7. निम्न में से किस राजय में द्विसदनात्मक व्यवस्थापिका नही है –
(अ) बिहार (ब) मध्यप्रदेश (स) महाराष्ट्र (द) कर्नाटक

प्र0 2. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए – (1x7=7)

1. भारतीय संविधान अंतिम रूप से ________ को पारित किया गया था।
2. अस्पृश्यता का अंत ________ अधिकार के अंतर्गत किया गया है।
3. राज्य के मुख्यमंत्री की नियुक्ति ________ करता है।
4. भारत की केन्द्रीय विधायिका को ________ नाम से जाना जाता है।
5. भारतीय संविधान ________ प्रकार की न्यायिक व्यवस्था की स्थपना करता है।
6. वर्तमान भारतीय संविधान में ________ अनुच्छेद हैं।
7. 1947 के जापान के संविधान को ________ कहा जाता है।

प्र0 3. सत्य/असत्य लिखिए – (1x6=6)

1. सरकार के गठन और उसकी शक्तियों के बारे में संविधान एक लिखित दस्तावेज है।
2. अधिकार पत्र में किसी देश की जनता को हासिल अधिकारों का वर्णन रहता है।
3. चुनाव आयोग में एक से ज्यादा चुनाव आयुक्त की नियुक्ति अनिवार्य है।
4. सरकार के प्रधान एवं उनके संचियों को राजनीतिक कार्यपालिका कहते है।
5. धन विधेयक का प्रमाणीकरण लोकसभा अध्यक्ष द्वारा किया जाता है।
6. न्यायपालिका देश के संविधान लोकतांत्रिक परम्परा और जनता के प्रति उत्तरदायी है।

प्र0 4. सही जोड़िया मिलाकर लिखिए – (1x6=6)

| स्तम्भ (I) | | स्तम्भ (II) |
|---|---|---|
| 1. संविधान संशोधन विधि | – | (a) श्रीलंका |
| 2. महिलाओं और बच्चों को परिवार की सम्पति में असमान अधिकार | – | (b) एकल संक्रमणीय मत प्रणाली |
| 3. सम्पत्ति का अधिकार | – | (c) 6 वर्ष |
| 4. समानुपातिक प्रतिनिधित्व प्रणाली | – | (d) अनु. 368 |
| 5. अर्ध–अध्यक्षात्मक कार्यपालिका | – | (e) लैंगिक न्याय की उपेक्षा |
| 6. राज्यसभा | – | (f) कानूनी अधिकार |

प्रश्न – 5 एक वाक्य में उत्तर दीजिए। (1x6=6)

(i) 'कानून का शासन' क्या होता है ?
(ii) संविधान सभा के स्थायी अध्यक्ष का नाम क्या है ?
(iii) बेगार से क्या अभिप्राय है ?
(iv) अप्रत्यक्ष लोकतंत्र किसे कहते है ?
(v) अध्यक्षात्मक कार्यपालिका वाले किन्ही दो देशों के नाम लिखिए।
(vi) भारत में कौन–सी शासन प्रणाली है ?

प्र06 भारतीय संघ में कितने राज्य तथा कितने केन्द्रशासित प्रदेश है? 2

अथवा

संविधान का अर्थ लिखिये।

प्र07 'संवैधानिक उपचारों का अधिकार' के अंतर्गत न्यायालय कौन–कौन से विशेष आदेश जारी कर सकता है ? 2

अथवा

भारतीयों के किन्हीं दो मौलिक कर्त्तव्यों का वर्णन कीजिए।

प्र08 'सार्वभौमिक व्यस्क मताधिकार' से क्या अभिप्राय है ? 2

अथवा

विशेष बहुमत क्या होता है ? लिखिए।

प्र09 सरकार के अंगों के नाम लिखिए। 2

अथवा

जब लोकसभा में किसी एक दल को बहुमत नहीं मिलता है तब किस प्रकार की सरकार बनती है?

प्र010 संसदीय शासन प्रणाली की कोई दो विशेषताएँ लिखिए। 2

अथवा

अध्यक्षात्मक शासन प्रणाली की कोई दो विशेषताएं लिखिए।

प्र011 दलबदल क्या है? 2

अथवा

वित्त विधेयक संसद के किस सदन में प्रस्तुत किये जाते है?

प्र012 सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीशों की नियुक्ति किसके द्वारा की जाती है? 2

अथवा

न्यायपालिका की स्वतंत्रता से क्या आशय है?

प्र013 भारत का संविधान कब लागू किया गया ? 2

अथवा

वर्तमान भारतीय संविधान में कुल कितनी अनुसूचियाँ है ?

प्र014 लोककल्याणकारी राज्य का आशय लिखिए। 2

अथवा

समाजवादी राज्य का अर्थ लिखिए।

प्र015 न्यायिक पुनरावलोकन क्या है ? 2

अथवा

साधारण बहुमत तथा विशेष बहुमत में क्या अंतर है?

प्र016 हमें संविधान की आवश्यकता क्यों है ? लिखिए। 3

अथवा

भारतीय संविधान की प्रमुख विशेषताएँ लिखिए।

प्र017 भारतीय संविधान में प्रदत्त समानता के अधिकार को समझाइये।

अथवा

राज्य के नीति–निर्देशक तत्वों के उद्देश्य लिखिए।

प्र018 संविधान में संशोधन करने के लिए विशेष बहुमत की आवश्यकता क्यों पड़ती है ? 3

अथवा

भारतीय संविधान में संशोधन प्रक्रिया क्या है ? स्पष्ट कीजिए।

प्र019 भारतीय संविधान के आधारभूत ढाँचे को समझाइये। 3

अथवा

भारतीय संविधान का राजनीतिक दर्शन लिखिये।

प्र020 निर्वाचन आयोग के कोई 4 कार्य लिखिए। 4

अथवा

समानुपातिक प्रतिनिधित्व प्रणालर की विशेषताएँ लिखिए।

प्र021 केन्द्रीय मंत्रीपरिषद के कार्य लिखिए। 4

अथवा

नौकरशाही की कोई 4 विशेषताएँ लिखिए।

प्र022 लोकसभा, कार्यपालिका पर राज्यसभा की तुलना में ज्यादा कारगर ढ़ंग से क्यों नियन्त्रण रख सकती है ? 4

अथवा

लोकसभा की शक्तियाँ तथा कार्य लिखिए।

प्र023 न्यायपालिका की स्वतंत्रता को बनाए रखने के लिए संविधान के विभिन्न प्रावधान कौन–कौन से हैं? लिखिए। 4

अथवा

सर्वोच्च न्यायालय के क्षेत्राधिकार का वर्णन कीजिए।

——XXXX——